मुझ पर भी कर्म कर दो

साँवरे मेरे मुझ पर भी,
कुछ ऐसा कर्म कर दो,
तुम जो हारे का सहारा हो,
मेरा दूर भरम कर दो,
साँवरे मेरे मुझ पर भी,
कुछ ऐसा कर्म कर दो,

बादल बरस रहे दुःखों के,
मुझ पे पीर पड़ी भारी,
ले लो चरण शरण में मुझको,
मेरे नटवर नागर गिरधारी,
मोह माया के पाश में बंधा हूँ,
लालच ने मुझे घेरा ,
आँखों पे है पट्टी अज्ञानता की,
छाया है तिमिर घोर घनेरा,
इक लौ जगा दो मेरे प्रभु जी,
हो जाए दूर मन से अँधेरा,
बन जाओ सारथी तुम ,
मेरे भी जीवन पथ को सुगम कर दो

साँवरे मेरे मुझ पर भी,
कुछ ऐसा कर्म कर दो
तुम जो हारे का सहारा हो
मेरा दूर भरम कर दो

राजीव त्यागी 82852461354

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10866/title/mujh-par-bhi-karm-kar-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |